आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :519 पृष्ठ -4 दिनांक 5 जुलाई 2025 दिन शनिवार

## यूपी में बंद हो रहे स्कूल और खुल रहीं शराब की दुकानें... अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर साधा निशाना

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने` एक बात कही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश (यूपी) सरकार राज्य में हजारों प्राइमरी स्कूलों को बंद कर रही है। इससे बच्चों का भविष्य खतरे में है। अखिलेश यादव ने कहा, ष्यह बहुत ही दुख की बात है कि सरकार हजारों स्कूल बंद कर रही है। लेकिन पूरे राज्य में नई शराब की दुकानें खोलने पर कोई रोक नहीं है। ये दो बातें दिखाती हैं कि बीजेपी की प्रा. थमिकताएं क्या हैं। ष उन्होंने यह बात आजमगढ़ में पार्टी के ऑफिस–कम–रे. जिडेंस के उद्घाटन के दौरान कही।अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि बीजेपी च्च। समुदाय को नीचा दिखाने और उनका अपमान करने पर तुली हुई है। सपा ने अपने नए ऑफिस बिल्डिंग का नाम च्च। भवन रखा है। अखिलेश ने च्च। का मतलब समझाया। उन्होंने कहा, ष्यह च्च। वही समुदाय है जिसके लिए बाबासाहेब (अंब. `डकर) ने लड़ाई लड़ी थी। इसे अक्सर बहुजन समाज कहा जाता है। यह च्च। श्पीड़ितश, श्दुखीश और श्अपमानितश लोगों के लिए भी है। यह हमारा एक बड़ा सामा. जिक गठबंधन है। हम इसके लिए पूरी तरह से सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेंगे। ष्मेरठ के मदरसे में छात्रा से तीन साल तक हैवानियतरू बाल काटकर बताया पागल, मौलाना ने किया रेप, 3 बार गर्भपातसोनम का दूसरा पति कौन? 2 मंगलसूत्र को लेकर राजा के भाई विपिन ने किया चौंकाने वाला दावा, दोहराई नरबलि की बातक्या योगी आदित्यनाथ को संदेश देने की कोशिश है... निशिकांत दुबे के बयान का मतलब क्या है?शावर के नीचे खड़ी होकर रोती हूं, लोग पूछते हैं मौत



की गंध कैसी होती है! क्राइम सीन क्लीनर की आपबीतीराजनीतिक गलियारों में, अखिलेश यादव द्वारा नए ऑफिस बिल्डिंग का उद्घाटन 2027 के यूपी चुनावों के लिए सपा का बिगुल बजाने जैसा माना जा रहा है। अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं को गाजियाबाद से सोनभद्र तक सभी सीटों पर च्च। की जीत सु. निश्चित करने का लक्ष्य दिया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगर उनकी पार्टी यूपी में अगली सरकार बनाती है तो हर परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली, महिलाओं को आईपैड और 3,000 रुपये की समा. जवादी पेंशन दी जाएगी।अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना को खत्म करने और सीमा सुरक्षा को मजबूत करने का भी वादा किया। अग्निवीर योजना सेना में भर्ती की एक नई योजना है।

उन्होंने बताया कि कैसे आजमगढ़ सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और मौजूदा सांसद धर्मेंद्र यादव का घर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे जिले और क्षेत्र के लोगों ने हर संसदीय और विधानसभा चुनाव में सपा का समर्थन किया है।अखिलेश यादव ने याद दिलाया कि कैसे मुलायम सिंह यादव ने ठैच के संस्थापक कांशी राम से हाथ मिलाया था। उन्होंने बताया कि मुलायम सिंह यादव ने एक समर्थक को दोनों नेताओं की तस्वीर ले जाते हुए देखा था। अखिलेश ने कहा, ष्उस तस्वीर में नेताजी (मुलायम) और कांशी राम एक साथ हैं। सोचिए वह समय कितना महत्वपूर्ण था – जब दो विचारधाराएं एक साथ खड़ी थीं। ष उन्होंने 1990 के दशक की शुरुआत में कांशी राम और मुलायम सिंह के बीजेपी से मुकाबला करने के लिए एक साथ आने की बात याद दिलाई।कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। लेकिन शहर के कुछ ब्राह्मण परिवारों ने एक ब्राह्मण संगठन और विश्व हिंदू महासंघ के आह्वान पर अपने घरों के बाहर काले झंडे लगाए। उन्होंने अखिलेश यादव द्वारा इटावा में यादव कथा वाचकों का समर्थन करने के विरोध में ऐसा किया। आरोप है कि कुछ ऊंची जाति के लोगों ने कथा वाचकों का अपमान किया था। कथा वाचन अभी तक ब्राह्मण समुदाय का ही काम माना जाता था।अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वे शिक्षा से ज्यादा शराब को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने च्च। समुदाय को एकजुट करने की बात कही और उन्हें न्याय दिलाने का वादा किया। उन्होंने 2027 के चुनावों के लिए अपनी पार्टी की योजनाओं का भी खुलासा किया। मुफ्त बिजली, पेंशन और अग्निवीर योजना को खत्म करने जैसे वादे किए गए।

## यूपी में एक और लिंक एक्प्रेसवे को मंजूरी, लखनऊ, आगरा, कानपुर, प्रयागराज का सफर होगा आसान

आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक लिंक एक्सप्रेसवे हेतु प्रवेश नियन्त्रित ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे को इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेन्ट एवं कन्स्ट्रक्शन ईपीसी पद्धति पर 06 लेन को 08 लेन विस्. तारणीय चौडाई में किया जाना प्रस्तावित है. आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे और पूर्वाचल एक्सप्रेसवे के लखनऊ–प्रयागराज एनएच–30 और लखनऊ–कानपुर एनएच–27 के आपस में जुड़ जाने से लखनऊ–आगरा–कानपुर–प्रयागराज–वारा णसी–गाजीपुर का आवागमन आसान हो सकेगा.दरअसल, प्रदेश में निर्मित आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रे. सवेध गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पश्चिम से पूरब दिशा में प्रदेश के मध्य में संरेखित है. बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे एवं गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे उत्तर–दक्षिण दिशा में संरेखित हैं. इस प्रकार प्रदेश में एक्सप्रेसवे की एक ग्रिड अस्तित्व में आ रही है जो यातायात को प्रदेश के किसी भी कोने तक बाधा रहित, त्वरित पहुंच उपलब्ध करायेगी. बताय गया है कि एक्सप्रेसवे की लम्बाई 49.960 किलो मीटर है. ईपीसी पद्धति पर कराये जाने पर 4775.84 रुपये करोड़ की लागत से गठित प्रायोजना प्रस्ताव पर मंजूरी दी गई है. उक्त परियोजना के लिए प्रदेश सरकार 4775.84 करोड़ रुपये खर्च करेगी. परियोजना के निर्माण से लखनऊ–आगरा–कानपुर–प्रयागराज–वारा णसी–गाजीपुर का आवागमन आसान हो सकेगा.प्रदेश में निर्मित आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवेधनिर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवेध्गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पश्चिम से पूरब दिशा में प्रदेश के मध्य में संरेखित है. बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे एवं गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे उत्तर–दक्षिण दिशा में संरेखित हैं. इस प्रकार प्रदेश में एक्सप्रेसवे की एक ग्रिड अस्तित्व में आ रही है जो यातायात को प्रदेश के किसी भी कोने तक बाधा रहित, त्वरित पहुंच उपलब्ध करायेगी. इस परियोजना के क्रियान्वयन से प्रत्यक्षध्अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार से मिलेगा.अब तक आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, लखनऊ–प्रयागराज हाईवे या कानपुर हाईवे तक जाने के लिए लखनऊ शहर से होकर जाना पड़ता था. इसके लिए अच्छे खासे जाम से जूझना पड़ता था लेकिन अब ये समस्या खत्म हो जाएगी.

## लखनऊ मुनाफे के लिए जिंदगी से खिलवाड़! इंजेक्शन वाला दूध और सब्जियां बिगाड़ रहीं हार्मोस

लखनऊ रू मुनाफे की धुन में लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ आम हो चला है। मिलावटी खाद्य सामग्री के बीच दूध, फल–सब्जियां भी खतरनाक दवाओं से नहीं बच पाईं। यूपी एसटीएफ ने करीब 1. 20 करोड़ रुपये का 5,87,880 एमएल ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन पकड़ा है, जो राजधानी लखनऊ से सटे जिलों में खपाया जाना था। इतनी भारी खेप ने अधिकारियों को हैरान कर दिया है। पुलिस तस्करों का पूरा नेटवर्क खंगालने में जुटी है। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वो दिल्ली और बिहार से थोक के भाव ऑक्सीटोसिन इंजे. क्शन लाते थे। 20 रुपये में 100 मिली लीटर की दर पर खरीदते थे। इसके बाद इसमें मिलावट करते और फिर 80 रुपये में इसे थोक के भाव सप्लाई कर देते। एसटीएफ को पता लगा है कि लखनऊ, बाराबंकी, बलरामपुर, सीतापुर, हरदोई, बहराइच, उन्नाव और आसपास के जिलों में तस्करों का नेटवर्क एक्टिव है, जो यहां के डेयरी संचालक और उद्यान किसानों तक इंजेक्शन पहुंचाते हैं। ये इंजेक्शन इतना खतरनाक है कि रातोंरात सब्जियों का आकार बढ़ा देता है। भैंस या गाय दूध देने पर विवश हो जाती।हार्मोंस पर पड़ रहा बुरा असरऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का इस्तेमाल करके जो दूध निकाला जाता है या सब्जियां बढ़ाई जाती हैं। उनका सेवन करने वालों में हार्मोनल गड़बड़ियां हो सकती हैं। रिसर्च बताती है कि इससे इंसानों के हार्मोंस पर काफी बुरा असर पड़ता है। पेट की बीमारियों से लेकर एलर्जी की समस्या उत्पन्न हो सकती हैं। यहां तक कि इसके ज्यादा सेवन वाले पदार्थ इस्तेमाल करने वालों में इंफर्टिलिटी की समस्या भी हो सकती है। सबकी कुंडली बना रही एसटीएफ ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की सप्लाई करने वाले तस्करों से लेकर डेयरी संचालक और उन किसानों तक की कुंडली तैयार की जा रही है, जो इस इंजेक्शन का उपयोग करते हैं। एसटीएफ तस्करों से पूछताछ के आधार पर एक सूची तैयार कर रही है। जिसमें डेयरी संचालकों से लेकर किसानों तक की डिटेल शामिल है। माना जा रहा है कि एसटीएफ ऑक्सीटोसिन के धंधे और उपयोग से जुड़े सभी लोगों पर कार्रवाई कर सकती है।

## लखनऊ में 26 सितंबर से लगेगा कला महाकुम्भ, . महिला कलाकारों को मिलेगा विशेष सम्मान

लखनऊ बृहस्पति वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से राजधानी के आशियाना स्थित स्मृति उपवन में आगामी 26 सितम्बर से 18 अक्टूबर तक कला महाकुम्भ का आयोजन किया जाएगा। इस कला महाकुम्भ की विशेषता यह होगी कि सांस्कृतिक मंच पर 23 दिनों तक लगातार विभिन्न क्षेत्रों में सिद्धस्थ महिलाएं अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।बृहस्पति वेल्फेयर फाउंडेशन के संस्थापक और भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद (आइ. `सीसीआर) के पूर्व महानिदेशक पद्मश्री अद्वैत गणनायक ने बताया कि इस आयोजन में गांव की मिट्टी से जुड़े उन कलाकारों की कला देखने को मिलेगी जिनकी प्रतिभा को कभी सम्मान नहीं मिला।अद्वैत गणनायक ने बताया कि इस आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) से संबंधित विशेष प्रदर्शनी होगी। इस प्रदर्शनी में प्रदेश के हर जिले की विशिष्ट कलाकृतियों, हस्तशिल्प व उत्पादों को रखा जाएगा जो स्थानीय कारीगरों व उद्यमियों को एक बड़ा मंच प्रदान करेगी।26 सितम्बर से 18 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे इस कला महाकुंभ में अप्रतिम महिला शक्तियों, कलाकारों और नई प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही मि. हलाओं को खास तौर से विश्व विभूति सम्मान, कला विभूति सम्मान, आदर्श सम्मान और कला सम्मान से नवाजा जाएगा।आयोजन की जानकारी देने के लिए गुरुवार को हुई प्रेस वार्ता में साहित्यकार गौरी घोष, वरिष्ठ लोक गायिका विमल पंत, सचिव आईपीएस ओडब्ल्यूए ज्योति मोदक, पूर्व आईपीएस दिनेश चंद्र दुबे, पूर्व संयुक्त निदेशक पंचायती राज कीर्ति शंकर अवस्थी, पूर्व जिला जज आरपी श्रीवास्तव और एसके द्विवेदी मौजूद रहे।प्रेस वार्ता में दिनेश चंद्र दुबे ने बताया कि कला महाकुंभ के दौरान महिला कलाकार भोजपुरी गीत और कजरी प्रस्तुत करेंगी। गुलाबी गैंग की संपत पाल को इस आयोजन में आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा महिला विधायक, महिला मंत्री, महिला साहित्यकार ही इस आयोजन में आमंत्रित किये जाएंगे।

## डेंगू–मलेरिया से बचाव के लिए फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़कावरू नगर निगम की टीमों को दिया प्रशिक्षण, बताए बचाव के तरीके

लखनऊरू पहली जुलाई से शुरू हुए संच. ारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत वेक. टरजनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया आदि से निपटने के लिए नगर निगम सभी 8 जोन में फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव कराएगा। अभियान के लिए नगर निगम की टीमों ने जोन एक, तीन और जोन पांच के कई क्षेत्रों में गुरुवार को घर–घर जाकर साफ–सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव, जागरुकता अभियान और फॉगिंग कार्य को अंजाम दिया। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए टीमों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें डेंगू, चिकनग. ुनिया, मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव के तरीके बताए गए। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को




घर–घर जाकर संभावित डेंगू लार्वा की जांच, जागरूक करना और जलभराव के कारणों को दूर करने के साथ साफ–सफाई के लिए प्रेरित करने का कार्य सौंपा गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी पीके श्रीवास्तव ने बताया कि एंटी लार्वा दवा के छिड़काव के लिए नवीन मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है।

## यूपी में स्कूलों के मर्जर पर आज आ सकता है महत्वपूर्ण फैसला, दो याचिकाओं पर सुनवाई पूरी



बेसिक स्कूलों की पेयरिंग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में 3 जुलाई को सुनवाई हुई है. सीतापुर की दो याचिकाओं पर न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सुनवाई की. सीतापुर के बच्चों ने अभिभावकों के जरिए पेयरिंग के आदेश को चुनौती दी है, एक याचिका कृष्ण कुमारी अभिभावक कुल 51 याचिकाकर्ताओ की ओर से दायर की गई है तो दूसरी याचिका नितेश कुमार की मां की तरफ से दायर की गई है.बच्चों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ.एल.पी मिश्रा ने पक्ष रखा है, वही इनके अलावा अधिवक्ता प्रफुल्ल तिवारी, रमेश कुमार द्विवेदी ने भी बच्चों की ओर से पक्ष रखा है.दूसरी याचिका में बच्चों की ओर से अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा व उत्सव मिश्रा रखा पक्ष. राज्य सरकार की ओर से 4 जुलाई को रखा जाएगा पक्ष,एएजी अनुज कुदेशिया व वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप दीक्षित रखेंगे पक्ष. स्कूलों की पेयरिंग को लेकर 4 जुलाई को आ सकता है महत्वपूर्ण फैसला. आपको बता दें कि परिषदीय विद्यालयों के विलय के आदेश को सीतापुर के बच्चों ने अपने अभिभावको के जरिए हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ में चुनौती दी है. याचिका में कहा गया है कि प्राथमिक स्कूलों का विलय कानून समेत संविधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है ऐसे में इस पर रोक लगाकर बच्चों की शिक्षा के अधिकार की हिफाजत करने का आग्रह किया गया है. याचिका में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है जिसके तहत प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है.याचिका में राज्य सरकार समेत बेसिक शिक्षा निदेशक सीता. पुर के डीएम समेत बेसिक शिक्षा अधिकारी को पक्षकार बनाया गया है. दोनों या. चकाकर्ताओं ने अपना अपना पक्ष रखते हुए कोर्ट से इस आदेश को रद्द करने की मांग की है जिसपर सुनवाई पूरी होने के बाद आज कोर्ट अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाएगा. दोनों याचिकाओं पर 3 जुलाई को इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में जस्टिस पंकज भाटिया की एकल पीठ में सुनवाई हुई है. अभिभावकों की तरफ से दायर की गई इन याचिकाओं पर हाइकोर्ट की तरफ से एक बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला आ सकता है.

# रिश्ते के देवर-भाभी में हुआ लव... चबूतरे पर दोनों को ऐसा करते देख पति को खौला खून पत्नी समेत दो की हत्या

उत्तर प्रदेश के हाथरस से सनसनीखेज वारदात सामने आई। यहां के गांव नगला कली में प्रेमी के साथ रह रही पत्नी को युवक ने चाकू से गोदकर मार डाला। वारदात के दौरान महिला के प्रेमी करन द्वारा किए गए हमले में पति आदित्य के साथ आए उसके दोस्त की भी जान चली गई और प्रेमी भी घायल हुआ है। प्रेमी करन ने बताया कि उसकी प्रेमिका गौरी ने परिवार में कई बार हुए विवाद के दौरान पति के साथ रहने से साफ इन्कार कर दिया था। इसे लेकर कई बार परिवार में विवाद भी हुआ था, लेकिन परिवार ने अनदेखा कर दिया था।घटनाक्रम के अनुसार मूल रूप से अलीगढ़ शहर के नुमाइश ग्राउंड इलाके की 24 वर्षीय गौरी ने तीन वर्ष पहले कासगंज के नसरतपुर के आदित्य संग प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ दिन बाद ही दोनों में अनबन शुरू हो गई। इसी बीच आदित्य के फुफेरे भाई यानि गौरी के रिश्ते के देवर करन निवासी हसनपुर बारू से गौरी के प्रेम संबंध हो गए। इन्हीं प्रेम संबंधों में 26 जून को करन व गौरी नसरतपुर से चले आए। करन गौरी को लेकर अपनी मौसी के गांव सहपऊ के नगला कली पहुंच गया। तब से वहीं रह रहा था। यह खबर जब आदित्य को हुई तो वह बृहस्पतिवार को अपने तीन दोस्तों संग दो बाइकों से नगला कली पहुंच गया। यहां दोपहर करीब ढाई बजे घर के चबूतरे पर खड़े करन व गौरी आपस में बात कर रहे थे। उन्हें देख आदित्य उग्र हो गया। इस दौरान आदित्य व करन के बीच विवाद शुरू हो गया। कुछ ही देर में वे झगड़ा करने लगे। इस झगड़े में जब गौरी बीच में आई तो प्लानिंग के तहत चाकू लेकर आए आदित्य ने गौरी पर कई वार करते हुए उसकी हत्या कर दी। बीचबचाव में करन आया तो उसे भी ईंट मारकर घायल कर दिया। इस बीच घायल करन ने भी जवाब में ईंट पत्थर फेंके, जिसमें एक ईंट आदित्य के साथ आए उसके दोस्त नदरई कासगंज के अमन के सिर में जा लगी। जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ देर तक दोनों ओर से लाठी–डंडे भी चले। मगर चीख पुकार पर आसपास के ग्रामीणों को आता देख आदित्य व उसके दो दोस्त तो भाग गए। मगर घायल अमन व मृत महिला का प्रेमी करन वहीं रह गए। जिन्हें ग्रामीणों ने पकड़ लिया। खबर पर पहुंची पुलिस टीम ने आनन फानन दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां से अमन को आगरा रेफर किया गया। मगर सिर में गंभीर चोट के चलते उसकी भी रास्ते में मृत्यु हो गई। बाद में पुलिस ने फॉरेंसिक जांच के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजे। वहीं पुलिस टीम फरार आरोपियों की तलाश में भी जुट गई।यह घटना पहले से शादीशुदा महिला द्वारा अपने पति के रिश्ते के भाई से प्रेम संबंधों के विरोध में हुई है। कासगंज से आए प्रेमी जोड़े के पीछे सा. जिश के तहत पति हमलावर होकर आया। उसने पत्नी की हत्या कर दी। वहीं हुए झगड़े में उसके एक दोस्त की भी मृत्यु हो गई। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों की तलाश में टीम लगी हैं। प्रेमी करन ने बताया कि गौरी ने परिवार में कई बार हुए विवाद के दौरान आदित्य के साथ रहने से साफ इन्कार कर दिया था। इसे लेकर कई बार परिवार में विवाद भी हुआ था, लेकिन परिवार ने अनदेखा कर दिया था।कासगंज के नसरतपुर से जाने के बाद करन अपने परिवार के साथ कोतवाली सादाबाद पहुंचा था और उसने गौरी से शादी करने की बात कही थी, लेकिन पुलिस ने इस बात को नजरअंदाज कर दिया और करन व उसके परिवार को कोतवाली से लौटाते हुए यह कह दिया कि दोनों ही बालिग हो, शादी कर लो, इसमें हमारा कोई हस्तक्षेप नहीं रहता। अगर पुलिस मामले की गंभीरता को समझती तो यह हादसा टल सकता था। कोतवाली से वापस आने के बाद करन ने तहसील में पहुंचकर कोर्ट मैरिज करने के लिए दस्तावेजों को तैयार कराया और इन्हें शादी के लिए सब रजिस्ट्रार कार्यालय में दाखिल कर दिया। करन ने बताया कि हम दोनों जल्द ही कोर्ट मैरिज कर अपने घर में रहना चाहते थे। हमारे परिवार को कोई आपत्ति नहीं थी। अभी तक गौरी पर कोई बच्चा भी नहीं था। एसपी

चिरंजीवनाथ सिन्हा ने बताया कि गौरी ने तीन वर्ष पूर्व आदित्य से भी प्रेम विवाह किया था। दोनों के अलग जाति के होने के कारण काफी दिनों तक विरोध की स्थिति भी बनी रही थी, लेकिन गौरी ने आदित्य से ही विवाह किया था। इस कारण आदित्य गौरी से प्रेम करता था।नगला कली में एक महिला अपने पति से अनबन के बाद अपने मित्र के मौसा के यहां रह रही थी। पति को जब यह जानक. ारी हुई कि उसकी पत्नी मित्र के साथ रह रही है तो पति तीन अन्य दोस्तों के साथ वहां आया। मौके पर आपस में विवाद हुआ। पति ने चाकू से कई वार किए, जिससे उसकी पत्नी गौरी की मौत हो गई। आदित्य का दोस्त अमन डंडे की चोट से गंभीर घायल हो गया था, उसकी भी मौत हो गई। इस मामले में तहरीर ली जा रही है। 26 जून से गौरी के घर से चले जाने के बाद पति आदित्य अपने रिश्तेदारियों में उसकी तलाश कर रहा था। आदित्य को पहले से ही शक था कि बुआ के बेटे करन के साथ गौरी गई है। उसे जानकारी मिली कि करन ने गौरी को अपने मौसा रंजीत के यहां नगला कली में रखा है। इसके बाद पहले अन्य माध्यमों से उसने रेकी की और उसके बाद करन अपने दोस्तों के साथ दो बाइकों पर गांव पहुंच गया और घटना को अंजाम दे दिया। सहपऊ क्षेत्र के गांव नगला कली में महिला गौरी की हत्या के बाद उसका प्रेमी फूट–फूटकर रोया। वह कह रहा था कि तू मुझे छोड़कर नहीं जा सकती। बृहस्पतिवार की दोपहर करीब 3.30 बजे अपने मौसा के यहां करन अपनी प्रेमिका गौरी के साथ भविष्य के सपने बुन रहा था। इस दौरान उसकी प्रेमिका का पति आदित्य अपने तीन दोस्तों के साथ दो बाइ. कों से वहां पहुंच गया। पति को सामने देख गौरी के होश फाख्ता हो गए। गौरी को प्रेमी के साथ देख आदित्य अपना आपा खो बैठा और विवाद शुरू हो गया। विवाद ने तूल पकड़ लिया और दोनों पक्ष घर के सामने के खाली खेत में पहुंच गए। वहां मारपीट शुरू हो गई। बताया गया कि आदित्य के दोस्तों ने करन को पकड़ लिया। गौरी जैसे ही करन को बचाने के लिए आगे बढ़ी तो आदित्य ने गौरी पर चाकू से हमला कर दिया और उसकी हत्या कर दी। करन ने भी इस दौरान गौरी को बचाने के लिए लाठी उठा ली और अमन के सिर पर प्रहार कर दिया, और अमन को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इधर, ईंट से आदित्य के दोस्तों ने करन के सिर पर वार कर दिया। महज 10 मिनट में हुए पूरे घटनाक्रम ने वहां मौजूद लोगों के होश फाख्ता कर दिए। ग्रामीणों को आता देख आदित्य अपने दोस्तों के साथ भाग जाने में सफल हो गया, लेकिन भीड़ को अपनी ओर बढ़ता देख एक ही बाइक पर आदित्य और उसके तीन दोस्त मौके से भाग गए, जबकि हमलावर अमन लहूलुहान हालत में वहीं पड़ा रहा। इधर, प्रेमिका की मौत होने के बाद प्रेमी करन उसकी लाश के पास बैठकर विलाप करता रहा।

## हाथरस में सड़क हादसे में युवक की मौत मजदूरी करके पैदल अपने घर लौट रहा था, अज्ञात वाहन ने कुचला

हाथरस के सासनी कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ। जलेसर रोड पर नगला वीर सहाय के पास एक अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे व्यक्ति कुचल दिया। हादसे में 45 वर्षीय टाइगर हेल्प सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सासनी कोतवाली क्षेत्र के गांव लुटसान के मजरा नाई का नगला का रहने वाला था।वह महावीर सिंह का पुत्र था और मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। दुर्घटना के समय वह पैदल अपने घर लौट रहा था। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर भीड़ लग गई और लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा... घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। टाइगर हेल्प सिंह के परिवार में दो बच्चे हैं, जो अब अनाथ हो गए हैं।

## कावड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारी हाथरस में सेक्टरों में बांटा जाएगा कांवड़ मार्ग, 24 घंटे तैनात रहेगी पुलिस

हाथरस में कावड़ यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय और एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कावड़ियों के मुख्य मार्गों का निरीक्षण किया। इनमें अलीगढ़–आगरा बाइपास, हनुमान जी चौकी, सासनी चौराहा, रुहेरी तिराहा, चंदपा, बिसाना और कस्बा सादाबाद शामिल हैं।अधिकारियों ने कावड़ियों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। मार्ग को सेक्टरों में बांटा जाएगा। हर सेक्टर में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहेंगे। कावड़ियों की सुविधा के लिए रास्ते में कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों पर बिजली, पानी और भोजन की व्यवस्था हा. `गी।पुलिस अधीक्षक ने सभी क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। मंदिरों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।शिविरों में कावड़ियों के ठहरने की पूरी व्यवस्था की जाएगी। इसमें बैठने के लिए कुर्सी, आराम के लिए चारपाई और



गद्दे, प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा, और साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## हाथरस जिला अस्पताल में एकमात्र रेडियोलॉजिस्ट छुट्टी पर अल्ट्रासाउंड रूम पर लटका ताला, मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों का सहारा

हाथरस जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो गई हैं। बागला अस्पताल के एकमात्र रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संतोष कुमार गुप्ता अवकाश पर चले गए हैं। इस कारण अल्ट्रासाउंड रूम पर ताला लगा हुआ है।डॉ. गुप्ता 14 जुलाई तक छुट्टी पर रहेंगे। माना जा रहा है कि इस दौरान जिला अस्पताल की अल्ट्रासाउंड सेवा पूरी तरह से बंद रहेगी। सैकड़ों मरीजों को बिना अल्ट्रासाउंड जांच के ही वापस लौटना पड़ रहा है। कई मरीजों को मजबूरी में प्राइवेट अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में कई और विशेषज्ञ चिकित्सक भी नहीं है।काफी मरीज बिना जांच कराए लौटे वापस जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की कमी एक बड़ी समस्या बन गई है। सरकारी अस्पतालों में पहले से ही चिकित्सकों की कमी है। जिला अस्पताल में एकमात्र रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती है। ऐसे में उनके अवकाश पर चले जाने से मरीजों के अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहे हैं। काफी मरीज घंटों तक भटकने के बाद भी बिना जांच के लौट रहे हैं। आज भी जिला अस्पताल में काफी मरीज अल्ट्रासाउंड रूम पर ताला लटका देखा वापस लौट गए।

## सादाबाद में पुलिस ने शुरू की जांच, अवैध हथियार की भी जानकारी जुटाई जा रही

हाथरस की तहसील सादाबाद में सहपऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव लोधई में एक महिला का अवैध तमंचे के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। महिला का अपने परिवार के सदस्यों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।गुस्से में आकर महिला ने अवैध तमंचा निकाला और परिवार के सदस्यों को धमकाने लगी। इस दौरान वह अभद्र भाषा का भी प्रयोग कर रही थी। किसी व्यक्ति ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाना शुरू कर दिया।वीडियो बनाते देख महिला ने उस व्यक्ति को भी धमकी दी और कहा कि वीडियो बना लो, देखती हूं क्या होता है। सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर वीडियो सत्य पाया गया तो महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।पु. लिस यह भी पता लगा रही है कि महिला के पास अवैध तमंचा कैसे पहुंचा। जांच के बाद सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## हाथरस में नालों की सफाई में लापरवाहीदुकानों के सामने पड़ी कीचड़ से परेशान दुकानदारों ने किया प्रदर्शन, बोले– बीमारियों के शिकार हो रहे

नगर पालिका द्वारा की गई नालों की सफाई में लापरवाही बरती गई है। चार दिन पहले नालों की सफाई की गई, लेकिन निकाली गई सिल्ट को दुकानों के सामने ही छोड़ दिया गया। इससे व्यापारियों में रोष है। सबसे खराब स्थिति तालाब ओवर ब्रिज के नीचे सेंट्रल स्कूल के पास की है। यहां दुकानों के बाहर सिल्ट के ढेर लगे हुए हैं।दुकानदार बॉबी गौतम ने बताया कि नालों की कीचड़ दुक. ानों के सामने फेंकने से व्यापार प्रभावित हो रहा है। बदबू के कारण दुकानों में बैठना मुश्किल हो गया है। दुकानदार आशीष शर्मा के अनुसार नाला सफाई केवल औपचारिकता थी। बारिश के दौरान की गई सफाई का कोई फायदा नहीं हुआ। आधी से ज्यादा सिल्ट दोबारा नालों में चली गई। दुकानों के बाहर पड़ी सिल्ट से लोगों को सांस की समस्याएं हो रही हैं।



कई लोग एलर्जी से पीड़ित हो रहे हैं।समस्या के समाधान कराने की मांग शहर में जगह–जगह कूड़े और कीचड़ के ढेर लगे हुए हैं। बारिश के कारण स्थिति और बिगड़ गई है। यहां भयंकर बदबू है और बैठना भी दुश्वार हो रहा है। व्यापारियों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया और समस्या के समाधान की मांग की।

## सपा नेता मोहम्मद आरिफ को बदमाशों ने मारी गोली, हालत स्थिर

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के अक. राबाद थाना क्षेत्र स्थित नगर पंचायत पिलखना में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां समाजवादी पार्टी (सपा) के समर्थक और पूर्व चेयरमैन मो. हम्मद आरिफ पर कुछ बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं और मौके से फरार हो गए। गोली लगने से आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका इलाज जेएन मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।जानकारी के मुता. बिक, गुरुवार शाम को मोहम्मद आरिफ अपने कुछ समर्थकों के साथ मोहल्ला डेरा में एक दावत खाने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि वहां पहले से कुछ हमलावर घात लगाकर बैठे थे। आरिफ और हमलाव. रों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद अचानक हमलावरों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी से इलाके में अफरा–तफरी मच गई। कई राउंड गोलियां चलीं, जिनमें से दो गोलियां मोहम्मद आरिफ को लगीं। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर फौरन मौके से फरार हो गए।परिजन और स्थानीय लोग घायल आरिफ को तुरंत जेएन मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, गोली कंधे और पेल्विक बोन (श्रोणि हड्डी) के पास लगी है। हालांकि, उनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है, फिर भी उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी देहात अमृत जैन पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल आरिफ से शुरुआती पूछताछ की और मामले की गहनता से जांच करने का भरोसा दिया। पुलिस हमलावरों का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की मोबाइल कॉल डिटेल्स भी निकाली जा रही हैं।

# मंडलायुक्त ने कावड़ यात्रा के रूट का किया निरीक्षण

## नगर निगम व पीडब्ल्यूडी को गड्ढा मुक्ति, साफ सफाई व जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने के दिये निर्देश



खैर रोड निकट नादा पुल के पास सीएम ग्रिड के निर्माणधीन कार्य को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम ने कावड़ियों के रूट को डाइवर्ट करने का अनुरोध मंडलायुक्त से किया14 जुलाई को श्रावण मास के पहले सोमवार पर कावड़ियों के आवागमन के मार्ग और श्रद्धालुओं के खेरेश्वर मंदिर और शिव मंदिर जाने वाले मार्गों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से अलीगढ़ कमिश्नर संगीता सिंह ने नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के साथ कावड़ यात्रा के रूट का निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त को कावड़ यात्रा के रोड पर कई जगह गड्ढे जल भराव अतिक्रमण दिखाई दिया मौके पर मंडलायुक्त ने नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को अगले 48 घंटे में कावड़ यात्रा के रूट पर पैच वर्क करने के साथ–साथ जहां–जहां जल भराव की स्थिति है वहां अतिरिक्त पंपसेट लगाकर जल निकासी करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने खेरेश्वर धाम पर पहुंच कर साफ सफाई और लाइट व्यवस्था का भी निरीक्षण किया मौके पर नगर निगम की ओर से अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया नगर निगम द्वारा कावड़ियों के आवागमन के मार्ग को 5 सेक्टर में नगर निगम द्वारा बनाया गया है।अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने कावड़ियों के रूट पर नगर निगम संबधी व्यवस्थाओं को समय से कराने का आश्वासन दिया। अपर नगर आयुक्त ने खैर रोड पर सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत निर्माणधीन कार्य को देखते हुए कमिश्नर मैडम से देहली गेट की ओर से खैर बा. ईपास होते हुए नादा पुल से खेरेश्वर जाने वाले रूट पर कांवड़ियों के आवागमन को डाइवर्ट करने का अनुरोध किया।

## सुपोषण संवर्धन के लिए सहजन पौधों का वितरण आयुक्त संगीता सिंह की पहल ला रही रंग सैम बच्चों के घरों में रोपे जा रहे सहजन के पौधे

**संगीता सिंह, आयुक्त अलीगढ़**

अलीगढ़ आयुक्त, अलीगढ़ मंडल, अलीगढ़ श्रीमती संगीता सिंह की विशेष पहल पर कुपोषण के खिलाफ चलाए जा रहे सुपोषण संवर्धन अभियान को नई गति मिली है। डीपीओ के0के0 राय ने बताया कि आयुक्त की पहल को साकार करते हुए अतरौली, इगलास, अकराबाद एवं चंडौस परियोजनाओं में चिन्हित 472 सैम बच्चों के लिए तीन पौधे के हिसाब से कुल 1416 सहजन (मोरिंगा ओलिफेरा) के पौधे वित. रित कर दिए गए हैं, इनमें से एक पौधा सैम बच्चे के घर एवं एक पौधा संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र पर रोपित किया जा रहा है। आयुक्त श्रीमती संगीता सिंह ने कहा कि पोषण अभियान में सहजन जैसे बहुउपयोगी पौधे को शामिल करना बच्चों के शारीरिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा और यह परिवारों को आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनाएगा। सहजन पौधे का उपयोग हरी सब्जी, सूप और अन्य व्यंजनों में करने से बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों को प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और विटामिन ए सहित अनेक आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं, जो कुपोषण दूर करने में बेहद सहायक है।डीपीओ के0के0 राय ने बताया कि आंग. नवाड़ी कार्यकत्रियां इन पौधों को गंभीर कुपोषित (सैम) बच्चों के परिवारों को सौंपेंगी, स्वयं उनके घरों पर पौधारोपण करेंगी और सहजन के पौष्टिक महत्व के बारे में विस्तार से जागरूकता भी फैलाएंगी। सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार ने प्रभागीय निदेशक सामाजिक वा. निकी से बात की तो उन्होंने बताया कि वन विभाग के पास 231536 सहजन के पौधे उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया है कि




154498 पौधों का उठान हो गया है। 77038 अवशेष सहजन के पौधों के उठान का क्रम चाले है। विभिन्न विभागों के साथ ही वन विभाग द्वारा भी सहजन के पौधे रोपित किए जाएंगे, जिसके लिए स्थानों का भी चिन्हीकरण कर लिया गया है।

## जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से बदला गया फुंका ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में हर्ष



अलीगढ. गाँव बृजा नगला माजरा, ग्राम कुराना, तहसील खैर में 5 जून से फुंके हुए ट्रांसफार्मर के कारण पिछले लगभग एक माह से बिजली आपूर्ति बाधित थी, जिससे ग्रामवासियों को भीषण गर्मी व अंधेरे में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों द्वारा लगातार विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका था, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त था। ग्रामवासी जसवंत सिंह द्वारा शुक्रवार 04 जुलाई को कलैक्ट्रेट जनता दर्शन में जिलाधिकारी संजीव रंजन को इस विषय में शिकायत प्रेषित की गई। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने शिकायत को गम्भीरता के साथ संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हुए कड़ी नाराजगी प्रकट की। उन्होंने कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए ट्रांसफार्मर फुंकने, तार टूटने संबंधी शिकायत प्राप्त होते ही जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी के आदेश के उपरांत महज दो घण्टे के भीतर ट्रांसफार्मर को बदलकर विद्युत आपूर्ति पुनः सुचारु कर दी गई। डीएम की इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों में हर्ष व उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा समय पर की गई पहल से उन्हें भीषण गर्मी और अंधेरे से राहत मिली है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है और आमजन से अपील की कि किसी भी समस्या की जानकारी समय रहते दें ताकि उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

## उच्च श्रेणी की स्कूली शिक्षा में छात्रवृत्ति के लिए 31 अगसत तक करें आवेदन

अलीगढ़जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रोहित कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एनएसपी पोर्टल पर उच्च श्रेणी की स्कूली शिक्षा ( ओबीसी, ईबीसी एवं डीएनटी) छात्रवृत्ति आवेदन के लिए समय सारिणी जारी की गई है।उन्होंने बताया कि विगत 02 जून से योजना में आवेदन कराए जा रहे हैं जिसमें छात्रछात्राएं 31 अगस्त 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदनों का सत्यापन शिक्षण संसिान एवं विभाग द्वारा 15 सितम्बर तक किया जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों को सूचित किया है कि निर्गत समय सारिणी के अनुसार उच्च श्रेणी की स्कूली शिक्षा में छात्रवृत्ति के लिए पात्र छात्र–छात्राओं का 31 अगस्त तक एनएसपी पोर्टल पर आवेदन कराना सु. निश्चित करें।

## अन्य पिछडे वर्ग के पात्र व्यक्ति शादी .अनुदान योजनान्तर्गत करें आवेदन

अलीगढ़ जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रोहित कुमार ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा अन्य पिछडे वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन के संबंध में नवीन दिशा निर्देश दिये गये हैं। योजना के तहत प्रति लाभार्थी 20 हजार रूपये लाभार्थी बैंक खाते में विभाग द्वारा पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रेषित की जाती है।उन्होंने नवीन दिशानिर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक के पास ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपना आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाते की पास. बुक (जिसमें पूर्ण विवरण हों), शादी का कार्ड होना आवश्यक है। आवेदक की आय शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख रूपये प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। उन्हा. ने बताया कि योजना में विधवा एवं दिव्यांग आवेदकों की वरीयता प्रदान की जायेगी। आवेदन केवल शादी के दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक ही स्वीकार्य है किन्तु उक्त अबधि की गणना वित्तीय वर्ष अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य होनी चाहिये।उन्होंने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के जातियों की सूची में सम्मिलित अल्पसंख्यक वर्ग से सम्बन्धित जातियों एवं वर्ग के आवेदक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से अनुदान के लिए पात्र नहीं हैं। विवाह के लिए किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान अनुमन्य है। वित्तीय वर्ष समाप्ति के उपरान्त विगत वित्तीय वर्ष की कोई भी मांग अगले वित्तीय वर्ष में अग्रेणीत नहीं की जाएगी। शादी अनुदान योजना से सम्बन्धित विस्तृत दिशानिर्देश बेबसाइट Shadianudan-upsdc-gov.पद पर प्रदर्शित है। अन्य किसी जानकारी के लिए विकास भवन स्थित जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

## अलीगढ़ में 9वीं की छात्रा ने लगाई फांसीरूमां कर रही थी घर का काम, भाई सो रहा थाय परिवार को नहीं पता सुसाइड की वजह

उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ में एक छात्रा ने घर मे ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फंदे से शव लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी एकत्र हो गए। घटना की सूचना पर इलाका पुलिस पहुंच गई । पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पा. स्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।शहर के बन्नादेवी थाना इलाके के आईटीआई रोड़, हरि विलास नगर में गुरुजी का परिवार रहता है। घर मे पत्नी, बेटा और 16 वर्षीय बेटी कामिनी है। पिता ने बताया कि बेटी कामिनी कक्षा 9 में पढ़ती थी।इसी दौरान उसने घर मे ही पंखे में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय पत्नी घर मे कपड़े साफ कर रही थी। जबकि उनका बेटा सो रहा था। इसी बीच बेटी ने ये कदम उठा लिया। फंदे से उसका शव लटका देख परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई।परिजनों की चीख पुकार सुनकर आस पास के लोग भारी संख्या में एकत्र हो गए। क्षेत्र में खलबली मच गई। लोगों ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। हादसे की खबर पर इलाका पुलिस मौके पर आ गई।पिता ने आगे बताया कि बेटी ने ये कदम क्यो उठाया उनको नहीं पता। वो उसको कोई बीमारी या परेशानी भी नहीं थी। डिप्रेशन में भी नही थी। उसकी मौत से परिवार में मातम छा गया। उधर, पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अन्य पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

## लिव इन में रह रही युवती की गला घोंटकर हत्या, किराये के घर में मिला शव, साथी युवक गायब

अलीगढ़ में महुआ खेड़ा के बघेल नगर के एक मकान में एक युवक के संग लिव–इन में रह रही युवती की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। 3 जुलाई सुबह उसका शव किराये के कमरे में पड़ा मिला। उसके साथ रहने वाला युवक गायब था। मकान स्वामी की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिवार की ओर से देर रात तक कोई आरोप नहीं लगाया गया।मूल रूप से बिहार की पुष्पा देवी धनीपुर में किराये पर रहती हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में उनकी शादी खुर्जा के श्रीचंद्र से हुई। उससे पांच बच्चे हुए। श्रीचंद्र की मृत्यु के बाद उसने तालानगरी में मजदूरी करने वाले राजवीर सिंह से दूसरी शादी कर ली। उसकी बड़ी बेटी ज्योति (26) छह माह से कृष्णा नाम के युवक संग बघेल नगर में तोताराम के मकान में किराये पर लिव–इन में रह रही थी। 3 जुलाई सुबह उसका शव कमरे में मिला। परिवार ने पोस्टमार्टम से भी इन्कार कर दिया, लेकिन उसकी आंख व कंधे पर चोट के चलते पुलिस ने मजिस्ट्रेट निगरानी में वीडियोग्राफी के बीच पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा। युवती के साथ रहने वाले युवक के विषय में पता चला कि वह पूर्व में बन्नादेवी में चोरी में जेल गया था। घटना के बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिला। इधर, पा. स्टमार्टम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवती की मृत्यु गला दबाए जाने के कारण हुई। गला अंदर की ओर फटा पाया गया है। एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक के अनुसार मृत्यु पर संदेह चोटों के आधार पर था। इसीलिए पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## अलीगढ़ में चेयरमैन के पति पर हमलवरों ने किया हमला, गोली मारकर किया घायल

अलीगढ़ में दिनदहाड़े नगर पंचायत अध्यक्ष के पति व पूर्व में लगभग 15 वर्षों से नगर पंचायत के अध्यक्ष रह चुके समा. जवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पर तोबड़तोड़ फायरिंग होने से इलाके में हड़कम्प मच गया हमलावर फायरिंग करने के बाद मौके से फरार हो गए इसकी सूचना आसपास के स्थानीय लोगों को हुई तो इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया मौके पर स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा घायल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां उनकी हालत नाजुक होने पर उन्हें जेएनएमसी मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ में भर्ती कराया गया है,जहां डॉक्टरों के द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है. दरअसल पूरा मामला जिला अलीगढ़ के थाना अक. राबाद के कस्वा पिलखना का है जहाँ मो0 आरिफ लगभग 15 वर्षों से नगर पंचायत पिलखना के चेयरमैन पद पर काबिज रहे है, मौजूदा समय में उनकी पत्नी नगर पंचायत पिलखना की अध्यक्ष है मोहम्मद आरिफ घर से कस्बा पिलखना की ओर जा रहे थे तभी अचानक हमलावरों के द्वारा उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी फायरिंग की आवाज सुनने के बाद आ. सपास इलाके के लोग भी मौके पहुंच गए भीड़ को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए. जेएन मेडिकल कॉलेज में सपा नेता व मौजूदा अध्यक्ष के पति को देखने पहुंचे समाजवादी पार्टी के नेताओं के द्वारा मौजूदा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं उनका कहना है जिस तरह से जीरो टॉलरेंस की बात चल रही थी अब जनप्रति. निधियों की हत्या करने का मंसुबा लिए आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं.उत्तर प्रदेश में अराजकता का माहौल बनता हुआ नजर आ रहा है सपा नेताओं के द्वारा कहा गया जिस तरह से मौजूदा सरकार क्राइम पर कंट्रोल करने में विफल है इसको लेकर कहीं ना कहीं इसका जिम्मेदार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं.वही एसपी ग्रामीण अमृत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना अकराबाद इलाके के पिलखना कस्बे से यह सूचना प्राप्त हुई थी वहां के जो चौयरमेन पर कुछ लोगों ने गोली चला दी है इस सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए स्थानीय पुलिस आल्हा अधिकारी फील्ड यूनिट द्वारा मौका मुआयना कर अवश्यक साक्ष्यो का संकलन किया गया.कुछ लोगों को हिरासत मे लेकर पूछताछ भी चल रही है और जो संभावित व्यक्ति है जिन पर शक है उनको पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है,आरोपियो की जांच पड़ताल के लिए 3 टीमों का गठन किया गया है सभी



सीसीटीवी चेक किये जा रहे हैं फिलहाल आवश्यक कार्रवाई की जा रही है और इसके अलावा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अकराबाद में सुसंगत धाराओं में मुक. दमा पंजीकृत किया जा रहा है.

# देवशयनी पर सालों बाद बना है ग्रहों का यह अद्भुत संयोग, इन 5 राशियों को मालामाल बना देंगे भगवान विष्णु, खूब होगी कमाई




देवशयनी एकादशी पर अबकी बार ग्रहों का अद्भुत संयोग बन रहा है। देवशयनी एकादशी 6 जुलाई रविवार को है। देवशयनी एकादशी पर अबकी बार सालों बाद गुरु आदित्य योग का अद्गभुत संयोग बन रहा है। मिथुन राशि में गुरु और सूर्य की युति से गुरुआदित्य योग बन रहा है। देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु 4 महीने के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं। एकादशी 6 जुलाई है और अबकी बार भग. वान विष्णु सोने से पहले मिथुन और सिंह सहित 5 राशियों के सोए भाग्य जगा देंगे। दरअसल देवशयनी एकादशी पर ग्रहों के एक साथ कई अद्भुत संयोग बन रहे हैं। इस दिन प्रभावशाली गुरुआदित्य योग बन रहा है। इसके अलावा देवशयनी एकादशी पर शुभ योग, साध्य योग, त्रिपुष्कर योग और रवि योग का शुभ संयोग बन रहा है। ग्रहों के शुभ योग में अबकी बार देवशयनी एकादशी पर भगवान लक्ष्मी नारायण की कृपा से मिथुन और सिंह सहित 5 राशियों की किस्मत चमक जाएगी। इन राशियों को बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी और आने वाले समय में इनका काम धंधा खूब फले फूलेगा। देखें देवशयनी एकादशी की 5 लकी राशियां।वशयनी एकादशी पर ग्रहों के शुभ से मानसिक स्थिरता के साथ आ. र्थिक स्थायित्व भी प्राप्त होगा। पुराने निवेश अब फल देने लगेंगे। यदि आपने कहीं पैसा फंसा रखा था या किसी से धन वापसी की प्रतीक्षा थी, तो अब वह प्राप्त हो सकता है। जमीन–जायदाद से जुड़ी खरीदारी का शुभ समय है, विशेषकर यदि वह पैतृक धन से जुड़ा हो। घर में नई चीजें जैसे फर्नीचर, वाहन या आभूषण जोड़ने के योग बन रहे हैं। विष्णु सहस्रनाम का पाठ करके श्रीफल अर्पित करेंगे तो आपको फायदा होगा और आप पर मां लक्ष्मी की कृपा होगीदेवशयनी एकादशी पर कर्क राशि वालों को आत्मबल के साथ–साथ आर्थिक सुधार और भौतिक सुख की प्राप्ति के संकेत हैं। नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन या इंक्रीमेंट का लाभ मिल सकता है। जो लोग व्यवसाय कर रहे हैं, उनके लिए यह समय ग्राहक वृद्धि और बिक्री में मुनाफे वाला रहेगा। परिवार में कोई मांगलिक आयोजन हो सकता है, जिससे घरेलू वातावरण उत्सवमय रहेगा। नए घर की योजना या फ्लैट बुकिंग के लिए उत्तम समय है। पीले वस्त्र पहनकर और चने की दाल का दान कर आप देवगुरु बृहस्पति और भगवान विष्णु दोनों की कृपा प्राप्त कर सकते हैं।देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु की कृपा से आर्थिक, पारिवारिक और भौतिक स्तर पर सुखद परिवर्तन होंगे। कोई पुराना संपत्ति विवाद आपके पक्ष में निपट सकता है। जमीन, वाहन या प्लॉट खरीदने की योजना सफल हो सकती है। संतान की शिक्षा या विवाह से जुड़ी बड़ी राहत मिल सकती है। पति–पत्नी के बीच आर्थिक विषयों को लेकर तालमेल बढ़ेगा और मिलकर कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। शेयर मार्केट या लॉन्ग टर्म निवेश में सोच–समझकर किया गया धन लाभ देगा। तुलसी पर जल चढ़ाएं और व्रत के साथ विष्णु पूजन करें। गुरु की दृष्टि और एकादशी की ऊर्जा मिलकर धनु राशि के जातकों को आध्यात्मिक जागरण के साथ आर्थिक उन्नति का अवसर दे रही है। अगर आप विदेश जाने की तैयारी कर रहे हैं या विदेश व्यापार से जुड़े हैं, तो लाभ निश्चित है। करियर में नई शुरुआत, पदोन्नति या स्थान परिवर्तन से वेतन में वृद्धि होगी। भौतिक स्तर पर आप नया वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान या यात्रा के साधन ले सकते हैं। धार्मिक यात्रा भी सुख और धन दोनों का कारण बन सकती है। इस दिन ऊं

वासुदेवाय नमः का जप करें और पीले फूल अर्पित करें।देवशयनी एकादशी मीन राशि वालों के लिए विशेष रूप से कर्ज मुक्ति और आर्थिक सुधार का योग लेकर आई है। पुरानी देनदारियां चुकाने का अवसर मिलेगा और मानसिक चिंता कम होगी। जो लोग खुद का व्यवसाय कर रहे हैं, उन्हें साझेदारी से लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन में सामंजस्य बढ़ेगा, जिससे मिलकर की गई धन योजनाएं फलदायक होंगी। नई संपत्ति का क्रय या किसी पुराने घर की बिक्री से बड़ा लाभ संभव है। इस दिन ॐ नारायणाय नमः मंत्र का जप करें और तुलसी पर जल चढ़ाकर धन वृद्धि की प्रा. र्थना करें।

## जीवन का असली सुख पाना है तो रतन टाटा की ये 3 सीख अपना लें




जीवन में सिर्फ अच्छी शैक्षिक योग्यता या अच्छा करियर ही काफी नहीं है बल्कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि एक संतुलित और सफल जिंदगी. जीवन में कई लोग सफलता तो पा लेते हैं लेकिन उनकी जिंदगी में सुख की कमी रहती है. हाथ में धन होता है लेकिन मन परेशानी ही रहता है.संतुलित जीवन का मतलब है हमारा अच्छा स्वास्थ्य, लोगों से अच्छे संबंध और मन की शान्ति, जीवन में अगर ये तीनों मिल जाए तो व्यक्ति गरीबी में भी वो चौन पाता है तो जो एक धनवान को भी नहीं मिल सकता. रतन टाटा की यही बातें व्यक्ति को आज भी प्रेरणा देती है, इन्हें अपनाकर आप भी सुख–चौन पा सकते हैं. अगर आप तेज चलना चाहते हैं तो अकेले चलिए. लेकिन अगर आप दूर तर चलना चाहते हैं तो साथ चलिए. तेज चलना अर्थात जो जल्दी से लक्ष्य प्राप्त करना चाहते हैं.जल्दबाजी में मिली कामयाबी आपको सुख तो दे सकती है लेकिन उसकी वैलिडिटी क्षणभर की होती है. वहीं जो लोग एक मजबूत टीम के साथ मिलकर काम करते हैं, एकता में विश्वास रखते हैं उन्हें भले ही देर से लेकिन सफलता का वो फूल मिलता है जिसकी खुशबू देर तक बनी रहती है.जीवन में उतार चढ़ाव होना बहुत जरूरी है, ताकि हम आगे बढ़ते रहें क्योंकि एक ईसीजी में भी सीधी लाइन का मतलब ये होता है कि हम जिंदा नहीं हैं. जब समय आपके अनुकूल न हो तो सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें और समस्याओं का समाधान ढूंढने की कोशिश करें. जब मन शांत होता है, तो व्यक्ति बेहतर निर्णय ले सकता है, समस्याओं को अधिक प्रभावी ढंग से हल कर सकता है, और अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकता है.लोहे को कोई चीज तबाह नहीं कर सकती, लेकिन इसका खुद का जंग कर सकता है इसी तरह एक व्यक्ति को उसकी खुद की सोच के अलावा कुछ भी बर्बाद नहीं कर सकता है. कहते हैं कि जो जैसा सोचता है वैसा बन जाता है. इसलिए परिस्थिति कैसी भी मन पर काबू रखें.

## मुहर्रम 2025 की छुट्टी कब है? जानें बैंक से लेकर स्कूल तक...क्या रहेगा खुला और क्या बंद?




इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने को मुहर्रम के नाम से जाना जाता है। इसकी शुरुआत 27 जून से हुई थी। रमजान के बाद हिजरी कैलेंडर के इस दूसरे पवित्र माना जाने वाले महीने का हजरत इमाम हुसैन की याद में जाना जाता है। शिया मुसलमान इस दिन को आत्म–ध्वजादान के तौर पर मनाते हैं। इस दिन को पैगंबर मोहम्मद के पोते हजरत इमाम हुसैन की मौत के तौर पर जाना है। इस दिन उपवास रखकर, नमाज अदा करना और दान करना बहुत ही अच्छा माना जाता है। इस बार मुहर्रम की तारीख को लेकर काफी कंफ्यूजन है। ऐसे में सभी के मन में सवाल है कि मुहर्रम 2025 किस तारीख को है? आइए जानें, मुहर्रम 2025 पर क्या खुला रहेगा और क्या बंद?बता दें कि मुहर्रम का 10वां दिनआशूरा इस बार 6 जुलाई को मनाया जाएगा। म स्जि द – ए – न खा ो दा म र क ज रूयत–ए–हिलाल कमेटी के अनुसार, भारत में 26 जून को चांद देखा गया था। वहीं, मुहर्रम–उल–हरम का पहला दिन 27 जून को पड़ा था। ऐसे में मुहर्रम 6 जुलाई को मनाई जाएगी। इसी दिन मुहर्रम की सरक. ारी छुट्टी मिलेगी।वहीं, ऐसी भी संभावनाएं हैं कि चांद अगर 6 जुलाई को दिखता है, तो मुहर्रम 7 जुलाई को मनाय जाए। ऐसे में सरकारी छुट्टी 7 जुलाई को मिल सकती है। मुहर्रम पर भारत में राजपत्रित अवकाश होता है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल जैसे मुस्लिम बहुल आबादी वाले राज्यों में स्कूल बंद होने की अधिसूचना जारी की जाएगी।मुहर्रम 2025 के मौके पर सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंक बंद रहेंगे। 6 जुलाई को रविवार का दिन है, तो सभी चीजें बंद ही रहेंगी।मुहर्रम के दिन सभी स्कूल, डाकघर और कई निजी संस्थान भी बंद ही रहेंगे।भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों पर ट्रेडिंग एक्टिविटीज भी इस दिन ट्रेडिंग के लिए बंद रहेंगी।

## भड़ली नवमी पर आज प्रॉपर्टी, वाहन और सोना खरीदना शुभ क्यों है? जानिए शास्त्र के अनुसार




4 जुलाई 2025 यानि आज भड़ल्या नवमी (भड़ली नवमी) के अवसर पर लाखों लोग विवाह जैसे मांगलिक कार्य तो करेंगे ही, साथ ही इस दिन को अबूझ मुहूर्त मानते हुए घर, गाड़ी, सोना–चांदी जैसे निवेश भी करेंगे. लेकिन क्या सचमुच यह सब ज्योतिष और शास्त्र अनुसार उचित है? आइए जानते है इसका पूर्ण सत्य. भविष्यवक्ता डॉ. अनीष व्यास के अनुसार, अबूझ मुहूर्त वह होता है जिसमें शुभ कार्यों के लिए किसी विशेष ग्रह स्थिति या पंचांग की गणना की आवश्यकता नहीं होती. यह तिथि स्वयं सिद्ध होती है.निर्णय–सिंधु ग्रंथ जो कि एक धार्मिक पुस्तक है, इसमे मुहूर्त का विचार किया जाता है. इसमें लिखा है कि स्वयंसिद्धा तिथिः पुण्या, मुहूर्तं न पश्यति. यानि जो तिथि स्वयं सिद्ध (अर्थात अपने आप में ही शुभ और सिद्ध मानी गई है), वह पुण्यदायिनी होती है और उसके लिए अलग से मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती है.भड़ली नवमी, अक्षय तृतीया, देवउठनी एकादशी आदि तिथियां स्वयंसिद्धा मानी जाती हैं. इन पर विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश जैसे कार्य बिना मुहूर्त देखे किए जा सकते हैं. ऐसा विद्वानों का मत है.स्वयंसिद्धा का यह सिद्धांत विशेष तिथियों पर लागू होता है, लेकिन विशिष्ट परिस्थितियों (जैसे गुरु अस्त, चंद्र शून्यवेला, ग्रहण आदि) में सावधानी बरतनी चाहिए. अब प्रश्न उठता है कि इस दिन क्या शुभ कार्य कर सकते हैं?हां, भड़ली नवमी की तिथि गृह प्रवेश, भूमि पूजन, मकान खरीद, दुकान आरंभ, बिल्डिंग शिलान्यास जैसे कार्यों के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है. वास्तुशास्त्र संग्रह नाम की पुस्तक में स्पष्ट वर्णन है कि श्नवम्यां शुक्लपक्षे तु न गृहारम्भदोषकः.श्इसका अर्थ है कि शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर गृह निर्माण और खरीद से जुड़ी कोई भी प्रक्रिया दोषरहित होती है.इस प्रश्न का उत्तर ज्योतिष ग्रंथ में मिलता है, श्नवमी स्वर्णलाभाय च वाहनार्जने शुभा.श यानि नवमी तिथि सोना प्राप्त करने और वाहन खरीदने के लिए शुभ है.मुहूर्त चिंतामणि, धर्मसिंधु या अन्य प्राचीन ग्रंथों में इन तिथियों और विशेष उपयोगिता के अनुसार है स्वाभाविक प्रवृत्ति (दंजनतंस जमद. कमदबल) बताई गई है, जैसे–द्वितीया तिथि भोजन के लिए शुभ मानी जाती ह त्रयोदशी धन त्रयोदशी पर धन लाभ के लिए,नवमी की तिथि स्वर्ण और वाहन) से संबंधित कार्यों के लिए शुभ हैभड़ली नवमी तिथि विशेष रूप से वाहन (घोड़ा, रथ, आज के युग में कार, बाइक आदि) की खरीद के लिए शुभ मानी जाती है. यदि इस दिन वाहन खरीदें तो ऐसा माना जाता है कि–यात्रा में सफलता मिलती हैदुर्घटना से बचाव होता हैधन की बर्बादी नहीं

होतीभड़ल्या नवमी (भड़ली नवमी) पर सोना, चांदी, हीरा–जवाहरात, तांबा, पीतल आदि धातुओं की खरीद भी शुभ मानी जाती है. ये धातुएं ग्रहों से संबंधित होती हैं, कैसे–सोना (सूर्य)रू यश, आत्मबल और उन्नति देता हैचांदी (चंद्र)रू शांति, मान. सिक संतुलन और समृद्धि देती हैतांबा (मंगल)रू साहस और संकल्प देता हैसर्वेषां धातुनां लाभो नवम्यां शुभः स्मृतः. यानि इन तिथि में यदि आप सोना, चांदी, वाहन, मशीन, उपकरण या किसी भी धातु की चीज खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो नवमी तिथि (विशेषकर भडल्या नवमी या शुक्ल पक्ष की नवमी) अत्यंत शुभ मानी जाती है.मुख्य दिन 4 जुलाई 2025 (उदया तिथि), आप 4 जुलाई को किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार खरीदारी कर सकते हैं या बुकिंग करा सकते हैं. इस दिन पंचांग दोष मान्य नहीं होता.भड़ल्या नवमी पर गुप्त नवरात्रि समाप्त होती है. इस दिन की गई देवी पूजन, दान और खरीदारी जीवन में छुपी हुई शक्ति और समृद्धि को जाग्रत करती है.क्या करें इस दिन?प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन या बुकिंग कार, बाइक, स्कूटर की खरीदसोने, चांदी या गहनों की खरीदबिजनेस की शुरुआतगृह प्रवेश या भूमि पूजनगुरु अस्त के दौरान शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं. लेकिन अबूझ मुहूर्त में यह नियम लागू नहीं होता. अबूझ मुहूर्त में गुरु–शुक्र तारा अस्त या पंचांग दोष अप्रभावी होता है. भड़ल्या नवमी ऐसी ही तिथि है, जिसमें कोई ग्रह–बाधा कार्य को नहीं रोकती.

